Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to set up Skill Development Centres at Block and Panchayat levels in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री छत्तर सिंह दरबार (धार): भारत आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबसे निचले आर्थिक पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास की चिंता कर रहा है तथा जिसके परिणामस्वरुप समाज का हर व्यक्ति सरकार की प्रगतिशील योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को सुधारने के साथ ही एक उज्जवल भविष्य का सपना देख रहा है । समाज के हर युवा को कौशल युक्त बनाकर उसको आत्मनिर्भर बनाना ही सरकार का प्रमुख लक्ष्य है । मध्यप्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र धार प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण क्षेत्र है । यहां के लोग कृषि के अलावा पशु पालन करते हैं ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि वह इस क्षेत्र के युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर कौशल विकास केंद्रों की स्थापना करें जिससे ग्रामीण युवा अपनी स्वाभाविक रूचि के मुताबिक कौशल प्राप्त करके देश के विकास में अपना योगदान कर सकें ।